भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 397

19 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए नियत

भारी उद्योगों की स्थापना

397. श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमाः

श्रीमती पूनम महाजन :

क्या **भारी उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्व बैंक अथवा किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन की सहायता से सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र में, विशेष रूप से देश के पिछड़े जिलों में भारी उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य और स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस उद्देश्य के लिए आबंटित/आबंटित की जाने वाली धनराशि कितनी है और इस संबंध में कार्य कब तक आरम्भ होने की संभावना है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क): उद्योग राज्य का विषय है, अतः भारी उद्योग मंत्रालय देश में सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना से संबंधित कोई केंद्रीकृत आंकड़ा नहीं रखता।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

*****